दैनिक जागरण – 04.06.2022

# गुरू अर्जुनदेव की शहीदी पर सीआरपीएफ जवानों ने बांटा शर्बत



शर्बत वितरण करते सीआरपीएफ के अधिकारी व जवान ● जागरण

**संसू, मुसाबनी :** सीआरपीएफ 193 बटालियन के अधिकारियों व जवानों ने शुक्रवार को सिखों के पांचवें गुरू अर्जुन देव का शहीद दिवस मनाया। मुसाबनी अस्पताल चौक पर टेंट के नीचे स्टाल लगाकर एक हजार लोगों के बीच ठंडे शर्बत का वितरण किया। इसका शुभारंभ सीआरपीएफ 193 बटालियन के कमांडेंट पुसाजो इपाओ ने राहगीरों के बीच शर्बत का वितरण कर किया। मौके पर सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी अशोक कुमार यादव, उप कमांडेंट राजेश कुमार सिंह, अमित कुमार मिश्रा, डा. निखिल कुमार सिंह, एसआइ शिवकुमार, हवलदार गोदर सिंह, रणधीर कुमार, नरेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार आदि का अहम योगदान रहा।

प्रभात खबर – 04.06.2022

# सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र ने लगाया सेवा शिविर

**रांची.** गुरु अर्जुन देव जी महाराज के शहीदी गुरु पर्व के अवसर पर सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र धुर्वा तिरिल की ओर से शुक्रवार को सेवा शिविर लगाया गया. शिविर में राहगीरों के बीच अंकुरित चना और शरबत का वितरण किया गया.

दैनिक भास्कर – 05.06.2022

# सफलता के लिए सबसे पहले सपना देखने की जरूरत : कमांडेंट

## वीर बिरसा आर्चरी एकेडमी का आठ दिवसीय समर कैंप संपन्न

भास्कर न्यूज | खूंटी



वीर बिरसा आर्चरी एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित आठ दिवसीय समर कैंप का समापन शनिवार को बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में हुआ। समर कैंप के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीआरपीएफ 94 बटालियन के कमांडेंट राधेश्याम सिंह ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए एंबीशन, एटीट्यूड,एक्शन, दृढ़ता, प्रयास एवं अचीवमेंट आवश्यक है। किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए सबसे पहले सपना देखने की जरूरत है उसके बाद उस देखे हुए सपने को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत आवश्यक है। मौके पर सीआरपीएफ 94 बटालियन के कमांडेंट राधेश्याम सिंह ने समर कैंप के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर 15 मीटर बालक वर्ग के प्रतिस्पर्धा में गोल्ड मेडल रुद्र प्रताप सिंह,सिल्वर मेडल प्रणव एवं ब्रॉन्ज मेडल रौनक को दिया गया। 15 मीटर बालिका वर्ग के प्रतिस्पर्धा में गोल्ड मेडल सपना कुमारी ,सिल्वर मेडल अंशिका एवं ब्रॉन्ज मेडल सीता को दिया गया। 30 मीटर बालक वर्ग के प्रतिस्पर्धा में गोल्ड मेडल अमरजीत कुमार,सिल्वर मेडल बलराम कुमार एवं ब्रॉन्ज मेडल अभय कुमार को दिया गया। 30 मीटर बालिका वर्ग के प्रतिस्पर्धा में गोल्ड मेडल नेहा नाग, सिल्वर मेडल सिसिलिया कुमारी एवं ब्रॉन्ज मेडल शिवानी साहू को दिया गया।

प्रभात खबर – 05.06.2022

## ओपन ताइक्वांडो के प्रतिभागियों को मिला सम्मान

# लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरणा की जरूरत : आनंद जेराई

प्रतिनिधि, चक्रधरपुर


अतिथियों के साथ विजेता खिलाड़ी.

उज्जैन में आयोजित राष्ट्रीय ओपन ताइक्वांडो प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को शुक्रवार को बर्टन लेक में पश्चिमी सिंहभूम जिला ताइक्वांडो संघ द्वारा सम्मानित किया गया. समारोह के मुख्य अतिथि सीआरपीएफ 60 बटालियन के कमांडेंट आनंद जेराई उपस्थित थे. मौके पर उन्होंने कहा कि किसी भी लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरणा की जरूरत होती है. बिना इसके किसी लक्ष्य को हासिल नहीं किया जा सकता है.

कार्यक्रम का शुभारंभ पश्चिमी सिंहभूम की खिलाड़ी पलक कुमारी एवं रोशन कुमार के पिता वरिष्ठ पत्रकार सुदाम प्रधान जी की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर किया गया. खिलाड़ियों ने ताइक्वांडो का डिमॉन्सट्रेशन देकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया. छोटे बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर अतिथियों तथा अभिभावकों को आश्चर्यचकित कर दिया. खुशी वर्मा ने लिखित कविता 'सबसे खतरनाक' की बेहतरीन प्रस्तुति दी. जमशेदपुर से एंकर के रूप में आए कलाकार अमित कुमार ने श्रोता को बेहतरीन तरीके से बांधे रखा. जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव अनुराग शर्मा ने बच्चों की उपलब्धियों को सबके बीच रखा. खिलाड़ियों में रोशन चाकी, अनुष्का मुंडरी, श्रीजा दास, बिपाशा दत्ता, अर्जुन गागराई, बरतीन दत्ता, जय प्रिन्स बंकीरा, आयुष मुखी, रमेश गिरि, राहुल प्रधान, उत्कर्ष कुमार, राहुल सिंह को अतिथियों ने मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया. अतिथियों में अपनी किशोर अवस्था को याद कर खेल के प्रति खुशी जाहिर की मुख्य अतिथि ने खेल को फिट रहने एक बेहतर तरीका बताया. इस मौके पर प्रमोद भगेरिया, श्री रणविजय, समाजसेवी कमलदेव गिरि, विजय दत्ता, अमरजीत सिंह, प्रशांति साह मौजूद थीं.

दैनिक भास्कर – 06.06.2022

विश्व पर्यावरण दिवस • विभिन्न संस्थाओं की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर लगाए गए पौधे

# सीआरपीएफ कैंप और रेलवे अस्पताल में पौधे लगा लोगों को किया गया जागरूक

भास्कर न्यूज | चक्रधरपुर




रविवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर चक्रधरपुर की विभिन्न संस्थाओं द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। संस्थाओं ने फलदार और छायादार पौधे लगाए। चक्रधरपुर के आसनतलिया स्थित सीआरपीएफ 60 बटालियन कैंप परिसर में पौधरोपण किया गया। इधर, रेलवे अस्पताल के डॉक्टरों ने अस्पताल प्रांगण में पौधरोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। वहीं, एसबीआई शाखा चक्रधरपुर की ओर से दिल्ली पब्लिक स्कूल परिसर में पौधरोपण किया गया। वहीं, नीलकमल एडुकेशनल ट्रस्ट की ओर से आरपी महतो कॉलोनी में पौधरोपण कर पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस तरह विभिन्न संस्थाओं की ओर से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया और समाज को पर्यावरण का महत्व समझाया। वहीं, कहा गया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी का सहयोग की आवश्यकता है। किसी एक व्यक्ति के चाहने से पर्यावरण में सुधार नहीं आएगा, उसके लिए सभी को कम से कम एक पौधा लगाना होगा। इतना ही नहीं लगाए गए पौधे की देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनाना है, तब जाकर आने वाली पीढ़ी को उसका लाभ मिलेगा। संस्थाओं ने अपील की कि बच्चों के जन्मदिन पर अभिभावक अपने घर के आसपास या जहां खुली जगह है, वहां पौधरोपण करें। यह परंपरा बने, ताकि हर कोई पौधा लगाए। ताकि पर्यावरण शुद्ध रहे। इधर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जेनासाई गांव में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित किशोर-किशोरी के द्वारा रैली निकालकर पर्यावरण बचाओ का संदेश दिया गया। वहीं, ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना, पानी को फिजूलखर्ची से बचाना आदि नारा गांव में घूम-घूम कर दिया गया। उसके बाद किशोर-किशोरियों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से किशोर-किशोरी, वार्ड सदस्य सीमा सामड, सेविका सहायिका, एएनएम आदि उपस्थित थीं।

## सीआरपीएफ अधिकारियों ने जवानों को पौधों के रख-रखाव का दिया निर्देश

चक्रधरपुर रेलवे अस्पताल के डॉक्टरों ने अस्पताल प्रांगण में पौधरोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इस दौरान डॉक्टरों ने कहा कि हर साल पांच जून के दिन दुनियाभर में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया जाता है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। एक स्वच्छ पर्यावरण में एक स्वस्थ मनुष्य का विकास होता है। इसलिए अपने पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में डॉ. जी सोरेन, डॉ. नंदिनी, डॉ. बीके रजक, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. पंकज कुमार, चीफ मैट्रन गायत्री सत्पथी, हेल्थ इंस्पेक्टर विनय कुमार व पारामेडिकल स्टाफ आदि मौजूद थे। वहीं रविवार को सीआरपीएफ 60 बटालियन कैंप आसनतलिया चक्रधरपुर में वार्षिक पौधरोपण अभियान की शुरुआत की गई। कैंप परिसर व आसपास क्षेत्र में वृक्षारोपण अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा पिछले दो साल में अभियान के तहत लगाए गए पौधों का निरीक्षण किया गया। वहीं, जवानों को रखरखाव संबंधित उचित दिशा निर्देश दिया गया। जवानों को अपने संक्षिप्त संबोधन में कमांडेंट आनंद कुमार जराई ने पर्यावरण दिवस की थीम केवल एक पृथ्वी रखी गई है, पर उर्जावान अभिभाषण दिया गया। मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी विजोतो टीवी, विकास सिंह, उप कमांडेंट जियाउल हक, अनिल कुमार, सहायक कमांडेंट गिरीश कुमार अन्य अधिकारी व जवान उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर – 09.06.2022

# आईईडी–कारतूस को निकालने की फिराक में थे माओवादी, पुलिस ने दिया झटका

जागरण संवाददाता, लोहरदगा : माओवादियों द्वारा छिपाकर रखे गए आईईडी-कारतूस को निकालने की फिराक में माओवादी दस्ता लगा हुआ था। इससे पहले ही जिला पुलिस और सुरक्षा बलों की टीम ने उसे बरामद कर नक्सलियों को झटका दिया है। पुलिस ने माओवादियों के छिपाकर रखे गए कारतूस, आईईडी को बरामद किया है। एसपी आर. रामकुमार ने बरामद कारतूस को मीडिया के समक्ष प्रस्तुत करते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि फरवरी 2022 में चलाए गए अभियान डबल बुल के बाद भाकपा माओवादी के रीजनल कमांडर रविंद्र गंझू अपने दस्ते को लोहरदगा जिला में पुनः संगठित करने की योजना बना रहा है। कुछ दस्ता सदस्यों के साथ सेरेंगदाग थाना अंतर्गत चपाल, जुड़नी एवं गुनी के आस-पास के जंगलों में भ्रमणशील रह कर पूर्व में डंप किए गए हथियार, गोली एवं आईईडी को निकालने की योजना है। हथियार एवं गोला-बारुद का उपयोग भाकपा माओवादी द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए भी करने की योजना है। सूचना का सत्यापन करते हुए एसपी के निर्देशन पर डीएसपी अभियान दीपक पांडे के नेतृत्व में एक अभियान दल का गठन किया गया। लोहरदगा जिला बल, झारखंड जगुवार का एसॉल्ट ग्रुप एवं बीडीडीएस टीम के साथ सीआरपीएफ 158 बटालियन के जवानों और पुलिस पदाधिकारियों को शामिल किया गया। सेरेंगदाग थाना अंतर्गत चपाल, गुनी एवं जुड़नी के आसपास के जंगलों में सर्च अभियान चलाया गया। जिसमें सेमी राइफल का कारतूस 279 पीस, थ्री फिफ्टीन का कारतूस 110 पीस, छोटा पिस्टल का जिंदा कारतूस 32 पीस, आईईडी छह पीस, बड़ा स्टील केन दो पीस, एमसील, स्टील केन, इलेक्ट्रिक वायर बरामद किया गया है।



नक्सल विरोधी अभियान के दौरान बरामद विस्फोटक और कारसूत को लेकर जानकारी देते एसपी आर रामकुमार ● जागरण

प्रभात खबर — 09.06.2022

# उग्रवाद इलाके से विस्फोटक बरामद नुकसान पहुंचाने की थी बड़ी योजना

➲ **पुलिस ने बरामद सामान को जिले के लिए बड़ी उपलब्धि बतायी है**

**प्रतिनिधि, लोहरदगा**



बरामद कारतूस और जानकारी देते एसपी.

जिले के नक्सल प्रभावित सेरेंगदाग थाना क्षेत्र के चपाल, जुड़नी व गुणी गांव में पुलिस द्वारा चलाये गये सर्च अभियान के दौरान लोहरदगा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. इस अभियान के दौरान प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन भाकपा माओवादी के जोनल कमांडर रवींद्र गंझू द्वारा छुपाकर रखे गये भारी मात्रा में गोला-बारूद और जिंदा कारतूस बरामद की गयी है. पुलिस बरामद सामान को जिले के लिए बड़ी उपलब्धि बतायी है. इस संबंध में एसपी आर रामकुमार ने बताया कि लोहरदगा पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि फरवरी 2022 में चलाये गये अभियान डबल बुल के पश्चात भाकपा माओवादी के रीजनल कमांडर रवींद्र गंझू अपने दस्ते को लोहरदगा जिला में फिर से संगठित करने की योजना बना रहा है. उसके द्वारा अपने कुछ सदस्यों के साथ सेरेंगदाग थानान्तर्गत ग्राम चपाल, जुरनी व गुनी के आस-पास के जंगलों में भ्रमणशील रह कर पूर्व में डंप किये गये हथियार, गोली व आइइडी को निकालने की योजना बना रही है. इन हथियार व गोला-बारूद का उपयोग भाकपा माओवादी द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए भी किये जाने की योजना है. एसपी आर रामकुमार के निर्देशन व पुलिस उपाधीक्षक लोहरदगा के नेतृत्व में एक अभियान दल का गठन किया गया.

इस अभियान दल में लोहरदगा जिला बल, झारखंड जगुआर का एसॉल्ट ग्रुप व बीडीडीएस टीम तथा सीआरपीएफ 158 बटालियन के पुलिस कर्मियों, पदाधिकारियों को शामिल किया गया. निर्धारित सूचना के आलोक में अभियान दल ने सेरेंगदाग थानांतर्गत ग्राम चपाल, गुनी व जुरनी के आस-पास के जंगलों में सर्च अभियान चलाया गया. जिसमें सेमी राइफल का जिंदा कारतूस 279 पीस, 0.315 का जिंदा कारतूस 110 पीस, छोटा पिस्टल का जिंदा कारतूस 32 पीस, आइडी, बड़ा स्टील क्रेन, एमसील 2 पीस, इलेक्टीक वायर शामिल है. बरामद विस्फोटक एवं अवैध गोली के आलोक में सेरेंगदाग थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है. मौके पर एएसपी दीपक पांडेय सहित सीआरपीएफ के कई अधिकारी मौजूद थे.

दैनिक भास्कर 12.06.2022

# केंद्रीय गृह राज्यमंत्री पहुंचे सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र, जवानों का बढ़ाया हौसला



**रांची** | केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र रांची का भ्रमण किया और जवानों का हौसला बढ़ाया। गृह राज्यमंत्री ने ग्रुप केंद्र के भ्रमण के दौरान यहां की कार्यप्रणाली के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। इस मौके पर अजय कुमार मिश्रा ने ग्रुप केंद्र रांची में एक पौधा भी लगाया। उन्होंने कहा कि सघन पौधारोपण से भूमिगत जल में इजाफा किया जा सकता है और प्रदूषण से अपने इलाके को मुक्त रख सकते हैं। मौके पर डीआईजी उषा किरण, डीआईजी विशन स्वरूप शर्मा सहित ग्रुप केंद्र रांची के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

प्रभात खबर – 12.06.2022

## निषेधाज्ञा व बंद के आह्वान पर थम गयी राजधानी, सड़कों पर सन्नाटा

# रांची में चप्पे-चप्पे पर फोर्स की तैनाती

■ घटना के विरोध में बंद रहीं दुकानें, बाजार नहीं आये मजदूर ■ चौक-चौराहों पर जवान मुस्तैद, सब्जी मंडी पर भी पड़ा असर

शुक्रवार को हुई उपद्रव की घटना और विभिन्न संगठनों की ओर से बंद के आह्वान के बाद राजधानी में जिंदगी थम सी गयी. इंटरनेट सेवा बंद रही. बंद से करीब 500 करोड़ से अधिक का व्यापार प्रभावित हुआ. राजधानी की सड़कों पर सन्नाटा पसरा था. औद्योगिक क्षेत्र अपर बाजार, पंडरा व हरमू फल मंडी सहित महत्वपूर्ण बाजार बंद रहे. शहर के मुख्य मार्ग के अलावा गली-मुहल्लों में भी आवाजाही कम रही. मेन रोड में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किये गये थे. अलबर्ट एक्का चौक और सुजाता चौक समेत कई महत्वपूर्ण चौक पर बैरिकेडिंग की गयी थी. पुलिस दिन भर राजधानी में हाई अलर्ट पर रही.

प्रभात खबर टोली ▷ रांची

मेन रोड में निषेधाज्ञा और बंद के आह्वान के बाद सभी दुकानें बंद रहीं. वहीं वाहनों का परिचालन नहीं हुआ. इक्का-दुक्का लोग ही सड़क पर नजर आ रहे थे. जीइएल चर्च कांप्लेक्स, समेत अलबर्ट एक्का चौक, डेली मार्केट, अंजुमन प्लाजा व सर्जना चौक के पास की सभी दुकानें बंद थी. मेन रोड में सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गयी थी. अलबर्ट एक्का चौक से सुजाता चौक तक का इलाका छावनी में तब्दील हो गया था. रेपिड एक्सन फोर्स (रैफ) क्यूआरटी, इंडियन रिजर्व पुलिस (आइआरबी), स्टेट इंडस्ट्रियल सिक्यूरिटी फोर्स जिला पुलिस, बज्र वाहन की तैनाती कर दी गयी थी. हिंदपीढ़ी, डेली मार्केट, एकरा मस्जिद के पास सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गयी थी.

**हरमू रोड से बाइपास तक दुकानें रही बंद** : वीआइपी मूवमेंट के कारण व्यस्त हरमू बाइपास सड़क पर शनिवार को सन्नाटा पसरा रहा. हरमू रोड समेत किशोरगंज चौक, सहजानंद चौक, अरगोड़ा चौक में दुकानें बंद थी. बाइपास सड़क पर कुछ वीआइपी वाहनों का आना-जाना जारी था. यहां कुछ दवा दुकान खुले हुए थे. इन इलाकों में पुलिस के जवान दिन में घूम-घूम कर दुकानें बंद करा रहे थे. हालांकि, सड़क पर राहगीरों को नहीं रोका जा रहा था. पेट्रोल पंप खुले थे, लेकिन ग्राहकों की संख्या कम थी. चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती थी.

**लालपुर से कोकर तक सड़क पर सन्नाटा** : रांची बंद का असर कोकर और लालपुर इलाके में देखने को मिला. आवश्यक चीजों को छोड़, सभी तरह की दुकानें यहां बंद रही. सुबह से ही सड़क पर सन्नाटा पसरा रहा. सुबह में कुछ दुकानें खुली थी, लेकिन प्रशासन ने दुकानों को बंद करा दिया. इस दौरान इक्का-दुक्का लोग ऑटो के इंतजार में खड़े देखे गये. कुछ लोग ई-रिक्शा से आते-जाते देखे गये. कोकर बाजार स्थित पेट्रोल पंप को खुला रखा गया था. जबकि लालपुर और प्लाजा चौक स्थित पेट्रोल पंप बंद थे. वहीं डिस्टीलरी पुल से आगे सब्जी बाजार में दो-चार दुकानें खुली थी, जहां लोग सब्जी खरीद रहे थे. कुछ लोग एटीएम में पैसे नहीं रहने से भी परेशान दिखे. न्यूक्लियस मॉल के सामने वाले एटीएम से बाहर आनेवाले सचिन कुमार ने बताया कि दो से तीन एटीएम घुमने के बाद भी पैसा ही नहीं निकल रहा है.

**कांके रोड में नहीं खुली दुकानें** : बंद की वजह से कांके रोड की दुकानें बंद रहीं और इलाके में दिन भर सन्नाटा पसरा रहा.

### पुरुलिया रोड व चुटिया में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था

रांची बंद का असर शनिवार को पुरुलिया रोड, बहू बाजार, कर्बला चौक रोड व चुटिया में दिखा. इन इलाकों में सभी दुकानें बंद थी. यहां जगह-जगह फोर्स की तैनाती की गयी थी. यहां कई मोड़ पर पुलिस की ओर से बैरिकेडिंग की गयी थी. इक्का दुक्का वाहन ही चल रहे थे. वाहन नहीं चलने के कारण लोग पैदल गंतव्य तक जा रहे थे. इधर, गर्मी के कारण तैनात जवान भी परेशान दिखे. वे छांव में गमछी बिछाकर बैठे हुए थे. इस दौरान दो पहिया वाहनों से आनेवाले लोगों के वाहनों की पुलिस चेकिंग कर रही थी.

### डोरंडा व हिनू में पुलिस की गश्त तेज

डोरंडा व हिनू की दुकानों को शनिवार को बंद रखा गया था. सुबह से ही इलाके में पुलिस की गश्ती तेज कर दी गयी थी. इन इलाकों में गली-मुहल्लों की दुकानों को भी बंद करा दिया गया था. कुछ एक सब्जी की दुकानें ही खुली थी. शनिवार को बाजार में बाहर से आनेवाले किसान व विक्रेता नहीं आये. इन इलाकों में जगह-जगह पुलिस बल व रैफ सहित अन्य कंपनियों के जवानों की तैनाती की गयी थी.

## मेन रोड में सभी दुकानें बंद, सुरक्षा कड़ी



राजधानी बंद के मद्देनजर भारी संख्या में फोर्स की हुई थी तैनाती.

## कैफी व मो साहिल को दी गयी मिट्टी


शव वाहन से सुरक्षा के बीच साहिल के शव को ले जाया गया कब्रिस्तान.


कब्रिस्तान में उमड़ी थी लोगों की भीड़.

वरीय संवाददाता ▷ रांची

मेन रोड में शुक्रवार को हुए उपद्रव के दौरान पुलिस फायरिंग में घायल हिंदपीढ़ी के तिवारी स्ट्रीट निवासी मो मोदस्सिर उर्फ कैफी और कर्बला चौक निवासी मो साहिल की मौत इलाज के दौरान शुक्रवार की रात हो गयी थी. शनिवार को दोनों को अलग-अलग कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया. कैफी को हिंदपीढ़ी के नदी ग्राउंड स्थित बच्चा कब्रिस्तान में मिट्टी दी गयी, जहां सैकड़ों लोग शामिल हुए. वहीं, कांटाटोली स्थित कब्रिस्तान में साहिल को मिट्टी दी गयी. शनिवार की सुबह 9:15 बजे मो मोदस्सिर उर्फ कैफी का जनाजा निकला. दिन के करीब 11 बजे शव को मिट्टी दी गयी. वहीं, दोपहर करीब तीन बजे कर्बला चौक स्थित घर से शव वाहन से भारी सुरक्षा के बीच मो साहिल का जनाजा निकला. भारी सुरक्षा के बीच शाम 4:15 बजे कांटाटोली कब्रिस्तान में मो साहिल को सुपुर्द-ए-खाक किया गया. इस दौरान कांटाटोली व कोकर इंडस्ट्रियल एरिया के समीप दोनों ओर बैरिकेडिंग कर दी गयी थी. सुरक्षा में चार डीएसपी, पांच इंस्पेक्टर, ट्रैफिक पुलिस सहित सैकड़ों की संख्या में पुलिसकर्मी तैनात थे.

### एसएसपी लेते रहे शहर की स्थिति का जायजा



**रांची.** मेन रोड में निषेधाज्ञा और बंद के आह्वान को देखते हुए घायल होने के बाद एसएसपी सुरेंद्र कुमार झा पूरे शहर में सुरक्षा का जायजा लेते रहे. एसएसपी के साथ सिटी एसपी अंशुमान कुमार, रैफ के सेकेंड इन कमान अनुज कुमार सिन्हा समेत कई आला अधिकारी शहर का भ्रमण करते रहे और जवानों से सुरक्षा की स्थिति की जानकारी लेते रहे. वहीं लगातार कंट्रोल रूम से उन्हें सूचना दी जाती रही.



### रांची नहीं पहुंच पाये मरीज

## रिम्स व सदर अस्पताल में 25 फीसदी ही रहा ओपीडी

मुख्य संवाददाता, रांची

राजधानी में शुक्रवार को हुए उपद्रव के बाद प्रशासन की सख्ती और विभिन्न संगठनों की ओर से बुलाये गये बंद का असर शनिवार को रिम्स और सदर अस्पताल के ओपीडी पर भी दिखा. वाहनों के नहीं चलने के कारण दोनों ही अस्पतालों के ओपीडी में सामान्य दिनों के मुकाबले 25 फीसदी ही मरीज इलाज के लिए पहुंचे. रिम्स में प्रतिदिन 1500 से ज्यादा मरीज इलाज कराने आते हैं, लेकिन शनिवार को बमुश्किल 350 मरीज ही परामर्श के लिए पहुंचे थे. रिम्स का ओपीडी सुबह नौ बजे से ही शुरू हो गया था. अमूमन मेडिसिन, सर्जरी और शिशु विभाग के ओपीडी मरीजों की अच्छी-खासी भीड़ रहती है, लेकिन यहां 25 से 30 मरीज ही दिख रहे थे. सबसे अधिक परेशानी उन मरीजों को हुई, जिनको छुट्टी मिलने के बाद अपने घर जाना था. वाहन की समस्या के कारण छुट्टी मिलने के बावजूद उनको रिम्स परिसर में ही डेरा डालना पड़ा.

**150 मरीज ही पहुंचे सदर अस्पताल में** : सदर अस्पताल में भी सामान्य दिनों की अपेक्षा कम मरीज ही ओपीडी में परामर्श लेने पहुंचे. अस्पताल के ओपीडी शनिवार को 125 से 150 मरीज ही परामर्श लेने पहुंचे थे. मेडिसिन और स्त्री विभाग में प्रतिदिन सबसे अधिक मरीजों की भीड़ रहती थी, लेकिन इस ओपीडी में इक्का-दुक्का मरीज ही परामर्श लेने आये थे.

आजाद सिपाही – 13.06.2022

### मांडर विधानसभा उपचुनाव के दौरान लापुंग में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था होगी

# सीआरपीएफ की चार कंपनी लापुंग पहुंची, किया फ्लैग मार्च

संवाददाता

**लापुंग :** मांडर विधानसभा उपचुनाव को लेकर लापुंग थाना क्षेत्र में व्यापक प्रशासनिक तैयारियां की जा रही है। लापुंग थाना क्षेत्र में चुनाव के मद्देनजर सीआरपीएफ के चार कंपनी जवानों को सीमावर्ती इलाकों में तैनात किया गया है। उनके रहने खाने-पीने की व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी ने लेटे, महुगांव, कुरकुरिया का दौरा किया और व्यवस्थाओं को देखा। उधर सीआरपीएफ के जवानों ने उग्रवाद प्रभावित महुगांव, जरिया मंगराटोली,झोराटोली, मालगो, झिकी, फतेहपुर, डाडी, पबिरा सहित कई इलाकों में फ्लैग मार्च भी किया। इस मौके पर उनके साथ महुगांव पिकेट के प्रभारी सुनील कुमार मांडी, सुशील कुमार मरांडी, दिलोज हेरमन सोय, मनीष कुमार पूर्ति सहित भी उनके साथ थे। लापुंग के थाना प्रभारी त्रिपुरारी कुमार ने कहा कि भयमुक्त वातावरण के निर्माण तथा निष्पक्ष मतदान के लिए पुलिस



छाया : सन्मार्ग

प्रशासन पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि कहीं गड़बड़ी नहीं होने दी जाएगी। सभी मतदान केंद्रों में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। वहीं दूसरी ओर प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा और अंचलाधिकारी अविनाश पूर्णेन्दु ने प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया। अंचलाधिकारी अविनाश पूर्णेन्दु ने कहा कि 23 जून को होने वाले चुनाव को लेकर व्यापक प्रशासनिक तैयारियां की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी 65 मतदान केंद्रों में निष्पक्ष मतदान के लिए हम सब बिल्कुल तैयार हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से लेकर मतदान कर्मियों के ठहरने तथा बनाए गए कलस्टरों में बिजली पानी की सुविधा मुहैया कराने की तैयारी चल रही है। मतदान कर्मियों के मोरहाबादी मैदान से लापुंग के क्लस्टरों तक सुरक्षित पहुंचने के लिए रूट चार्ट भी तैयार कर ली गई है। उधर चेकनाका में भी मजिस्ट्रेट मिथिलेश कुमार सिंह के अलावे विडियो सर्विलांस टीम के अधिकारी इंद्रजीत यादव, साकेत कुमार गिरी सहित अन्य लोगों ने नजर बनाए रखी। उल्लेखनीय है कि लापुंग प्रखंड में 10 क्लस्टर बनाए गए हैं जिनमें राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा, राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय डाडी, राजकीय मध्य विद्यालय दोलैचा, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय महुगांव, राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग पूर्वी भाग, राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग में उत्तरी भाग, राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग दक्षिणी भाग, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लालगंज पूर्वी भाग तथा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लालगंज पश्चिमी भाग शामिल हैं। अंचलाधिकारी ने कहा कि चेकनाका में प्रशासनिक अधिकारियों की पैनी नजर है। प्रत्याशियों के दौरे तथा उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने पर समुचित कार्रवाई भी की जाएगी।

दैनिक भास्कर 14.06.2022

# नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में की गई आवश्यक वस्तु वितरित




जरूरतमंद के बीच एसडीपीओ आवश्यक सामान वितरित किया।

**भास्कर न्यूज़** | हंटरगंज

प्रभावित वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डाहा, लेढ़ो, खवाहर, कुसमहा एवं आसपास के सुदूरवर्ती गांव में सोमवार को गरीब एवं असहाय लोगों के बीच आवश्यक सामानों का वितरण की गई ।उक्त कार्य क्रम पुलिस अधीक्षक चतरा राकेश रंजन के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा अविनाश कुमार एवं सीआरपीएफ 190 बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट अनिल कुमार राय के नेतृत्व में कार्यक्रम चलाया गया । गांव में जरूरतमंदों के बीच साड़ी , धोती एवं पढ़ने वाले बच्चों को स्कूल बैग एवं कॉपी किताब, इंस्ट्रूमेंट बॉक्स इत्यादि दिया गया । पुलिस को अपने बीच पाकर सभी ग्रामीण एवं बच्चे काफी उत्साहित दिखें । वही मौके पर पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जब भी पुलिस की जरूरत होगी तो वह पुनः उनके बीच जाकर उनके जरूरत को पूरा करेंगे। मुख्यधारा से भटके हुए लोगों को वापस मुख्यधारा में जोड़ने की अपील भी की गई।

दैनिक भास्कर – 14.06.2022

# सीआरपीएफ ने ग्रामीणों को दिखाईं फिल्में, मैत्री क्रिकेट मैच भी कराया




भास्कर न्यूज़ | गोइलकेरा

गोइलकेरा के नक्सल प्रभावित आराहासा गांव में स्थित सीआरपीएफ के कैंप में सुदूर क्षेत्र के लोगों के मनोरंजन के लिए प्रोजेक्टर लगाकर ग्रामीणों को फ़िल्म दिखाई गई। सीआरपीएफ की जी/157 बटालियन के कैंप में सहायक कमांडेंट संजय कुमार के निर्देश पर रविवार की शाम स्कूली बच्चों और आसपास के गांवों के लोगों के लिए विशेष शो का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। बड़े पर्दे पर फ़िल्म दिखाने के साथ ही सीआरपीएफ जवानों ने लोगों को भोजन भी कराया। वहीं इससे पहले आराहासा क्षेत्र की स्थानीय क्रिकेट टीम और सीआरपीएफ की टीम के बीच मैत्री क्रिकेट मैच भी खेला गया। सहायक कमांडेंट संजय कुमार ने बताया कि ग्रामीण इलाकों में मनोरंजन के साधन उपलब्ध नहीं हैं। सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत पुलिस-पब्लिक के बीच परस्पर संबंध और सौहार्द के लिए मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित

*****